8 मई 2018

विश्व मामलों की भारतीय परिषद

ISSUE BRIEF

कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति: छह पक्षों (उत्तर कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन, रूस और जापान) की प्रतिक्रिया - किसने क्या कहा

26 अप्रैल - 7 मई, 2018

*डॉ जोजिन वी जॉन द्वारा संकलित **

27 अप्रैल, 2018 को, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने पनमुनम में एक शिखर सम्मेलन किया। शिखर सम्मेलन में उन्होंने "पनमुनजोम घोषणा" पर हस्ताक्षर किया।[1]

पनमुनजोम घोषणा में कहा गया है कि "कोरियाई प्रायद्वीप पर अब कोई और जंग नहीं होगी और इस तरह शांति का नया युग शुरू हो गया है"। घोषणा में कोरियाई प्रायद्वीप में लंबे समय से चली आ रही विभाजन और टकराव के शीत युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

1. इसमें कहा गया कि "दक्षिण और उत्तर कोरिया लोगों के रक्त संबंधों को फिर से जोड़ देगा और कोरियाई लोगों के नेतृत्व में सह-समृद्धि और एकीकरण के भविष्य को आगे बढ़ाएगा"। इस दिशा में घोषणा "कोरियाई राष्ट्र की नियति को अपने हिसाब से निर्धारित करने के सिद्धांत की पुष्टि करता है" और निम्न के प्रति सहमत हैं,

- उच्च स्तर सहित विभिन्न क्षेत्रों में बातचीत और वार्ता आयोजित करना
- गेसियोंग क्षेत्र में दोनों पक्षों के निवासी प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त संपर्क कार्यालय स्थापित करना
- सभी स्तरों पर अधिक सक्रिय सहयोग, आदान-प्रदान, दौरों और संपर्क को प्रोत्साहित करना

---

1 "Full text of joint declaration issued at inter-Korean summit", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/news/2018/04/27/0200000000AEN20180427013900315.html

- मानवीय मुद्दों को तेजी से हल करने का प्रयास
- इससे पहले 4 अक्टूबर, 2007 की घोषणा में सहमत परियोजनाओं को लागू करना

2. कोरियाई प्रायद्वीप गंभीर सैन्य तनाव को कम करने और युद्ध के खतरे को समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की,

- हर क्षेत्र में एक दूसरे के खिलाफ सभी शत्रुतापूर्ण कृत्यों को पूरी तरह से समाप्त करना
- पश्चिमी सागर की उत्तरी सीमा रेखा के आसपास के क्षेत्रों को चालू करने के लिए एक व्यावहारिक योजना तैयार करना
- सक्रिय परस्पर सहयोग, आदान-प्रदान, दौरों और संपर्क को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सैन्य उपाय करना

3. कोरियाई प्रायद्वीप पर एक स्थायी और ठोस शांति व्यवस्था स्थापित करना। इस दिशा में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी रूप में बल के प्रयोग को रोकने वाले गैर-आक्रामक समझौते (1991 दिसंबर का समझौता) की पुनः पुष्टि की और इस समझौते का सख्ती से पालन करने के लिए सहमत हुए। वे निम्न के लिए भी सहमत हुए

- चरणबद्ध तरीके से निरस्त्रीकरण को अंजाम देना
- इस वर्ष युद्ध को समाप्त करने की घोषणा करने के उद्देश्य से दोनों कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करते हुए त्रिपक्षीय बैठक या दोनों कोरिया , संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन को शामिल करते हुए चौपक्षीय बैठक आयोजित करना।
- सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के माध्यम से एक परमाणु- मुक्त कोरियाई प्रायद्वीप का सपना साकार करना

घोषणा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए दोनों नेता नियमित बैठकों और सीधे टेलीफोन वार्तालापों के माध्यम से लगातार और स्पष्ट चर्चा करने के लिए सहमत हुए। इस संबंध में, राष्ट्रपति मून जे-इन आने वाले पतझड़ में प्योंगयांग जाने के लिए सहमत हुए।

देश	टिप्पणियाँ
उत्तर कोरिया	**प्रवक्ता - विदेश मंत्रालय** 6 मई, 2018[2] “संयुक्त राष्ट्र अमेरिका जानबूझकर इस समय डीपीआरके (जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया) को भड़का रहा है , जब कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति ऐतिहासिक उत्तर-दक्षिण शिखर सम्मेलन और पनमुनजोम घोषणा की बदौलत शांति और सुलह की

2 "DPRK FM Spokesman Flays U.S. Increased Pressure against DPRK", KCNA, May 6, 2018, kcna.kp/kcna.user.article.retrieveNewsViewInfoList.kcmsf#this

	ओर बढ़ रही है। इस करतूत को मुश्किल से बनाए गए वार्ता के माहौल को बर्बाद करने और स्थिति को वापस पहले की भांति ही बनाने के खतरनाक प्रयास से अन्यथा में नहीं लिया जा सकता है।" "ये समस्या को संबोधित करने के अनुकूल नहीं होगा, यदि अमेरिका डीपीआरके के शांति-प्रेमी इरादे को "कमजोरी" के संकेत के रूप में दर्शाता है और इसके खिलाफ अपना दबाव और सैन्य आतंक जारी रखता है।" **रोडोंग सिनमुन** 4 मई, 2018[3] "कोरियाई वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष और जनवादी लोकतांत्रित गणराज्य कोरिया के राज्य मामला आयोग के अध्यक्ष , किम जोंग उन ने गुरुवार को चीनी जनवादी गणराज्य के राज्य पार्षद और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, जो डीपीआरके के दौरे पर हैं।" "बैठक में व्यापक रूप से अग्रसर होने और दोनों देशों के बीच एकता और पारंपरिक मित्रता और सहयोगात्मक संबंध बनाने के दृष्टिकोण और पारस्परिक समस्याओं के मुद्दों पर विस्तृत-श्रृंखला और इनका गहराई से आदान- प्रदान हुआ, जिसमें कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति की दिशा और घटनाक्रमों की संभवना का विषय शामिल था।" **किम जोंग उन** 27 अप्रैल, 2018[4] "मैं यहाँ राष्ट्रपति मून और कई पत्रकारों के सामने कहता हूं कि मैं राष्ट्रपति मून के साथ स्पष्ट, ईमानदारी से और निष्ठावान रवैये के साथ अच्छा विचार- विमर्श करूंगा और एक अच्छा नतीजा लाऊंगा।" "काश अतीत के (शिखर सम्मेलन) उन नतीजों के बजाय यह हमारे लिए दृढ़ निश्चय के साथ भविष्य की ओर देखते हुए हाथ से हाथ मिलकर आगे बढ़ने का एक मौका हो , जिन्हें लागू नहीं किया जा सका।" **केसीएनए** 27 अप्रैल, 2018[5] "दोहरी (सैन्य-आर्थिक विकास) नीति श्रृंखला की हमारी महान जीत और अप्रैल में आयोजित (सत्तारूढ़ दल) पूर्ण बैठक में घोषित उपायों के अविश्वास के परिणामस्वरूप , अमेरिका प्रतिबंधों और दबाव के बारे में बोलता जा रहा है।"

3 "Kim Jong Un Meets FM of China", Rodong Sinmun, May 4, 2018, http://www.rodong.rep.kp/en/index.php?strPageID=SF01_02_01&newsID=2018-05-04-0001

4 "Leaders of two Koreas vow efforts to make 'good progress' at summit ", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427004651315.html

5 "N. Korea urges U.S. to show sincerity over its denuclearization pledge: KCNA ", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427013200315.html

	"जैसा कि सब जानते हैं, अप्रैल में आयोजित पूर्ण सत्र में हमारे गणतंत्र ने स्पष्ट रूप से घोषित किया है कि ये परमाणु हथियारों से मुक्त एक दुनिया के संबंध में मानव की सामान्य इच्छा को पूरा करने में योगदान करने के लिए तेज प्रयास करेगा।" "अमेरिका को हमारे निर्णायक उपायों के गहरे अर्थों को ध्यान से पढ़ने और एक राष्ट्र के मुख और संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचने की जरूरत है।" "दुनिया की आवाज़ यह है कि (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) को यह मौका नहीं गवाना चाहिए और (उत्तर) कोरिया द्वारा एक अभूतपूर्व, ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने के बाद सुरक्षा स्थिति में सुधार लाने की दिशा में ईमानदारी की कार्रवाई करके दिखाना चाहिए।"
संयुक्त राष्ट्र अमेरिका	**डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति** 4 मई, 2018[6] "उत्तर कोरिया के साथ एक अच्छी बात हो रही है। मुझे लगता है कि अगले अल्पावधि बहुत सारी अच्छी चीजें होने जा रही हैं। लेकिन मैं आपसे वहां मिलूंगा। यह बहुत रोमांचक होने जा रहा है।" "यह (अमेरिका-डीपीआरके शिखर सम्मेलन) बहुत जल्द होगा। मेरे पास तारीख है। मेरे पास स्थान है। सभी इसके लिए सहमत हैं।" "हमारे पास लाने का एक मौका है - हमारे पास एक मौका है - हम बंधकों के साथ बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम अध्यक्ष के साथ लगातार संपर्क में हैं। हम उत्तर कोरिया के लगातार संपर्क में हैं। हमने असल में एक समय और एक स्थान तय किया है जिसकी घोषणा शीघ्र और बहुत जल्द की जाएगी।" "नहीं। नहीं और हमने इसके लिए नहीं कहा (दक्षिण कोरिया से अमेरिकी सेना को वापस बुला लेना)। अब, मुझे आपको यह बताना होगा कि भविष्य में किसी समय , मैं पैसे बचाना चाहूंगा। आप जानते हैं, वहां हमारे 32,000 सैनिक हैं। लेकिन मुझे लगता है कि बहुत सारी बेहतरीन चीजें होंगी। लेकिन सैनिकों का मुद्दा नहीं हैं। बिलकुल नहीं।" 3 मई, 2018[7] "हम उत्तर कोरिया के साथ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत कर रहे हैं। और बंधकों के संबंध में बहुत सी चीजें पहले ही हो चुकी हैं। और मुझे लगता है कि आप बहुत अच्छी चीजें देखने जा रहे हैं। जैसा कि मैंने कल कहा था , मुझे लगता है कि आप बहुत बहुत अच्छी चीजें देखेंगे।"

6 "Remarks by President Trump Before Air Force One Departure", The White House, May 4, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-air-force-one-departure/; "Remarks by President Trump Aboard Air Force One en route Dallas", White House, May 4, 2018, , Texashttps://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-aboard-air-force-one-en-route-dallas-texas/

7 "Remarks by President Trump Before Marine One Departure", White House, May 4, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-marine-one-departure-6/

“और यह भी, यात्रा निर्धारित की जा रही है। अब हमारे पास एक तारीख है और हमारे पास एक स्थान है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।”

वक्तव्य - वाइट हाउस

4 मई, 2018[8]

“राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के राष्ट्रपति के सहायक जॉन आर बोल्टन ने 4 मई, 2018 को कोरिया गणराज्य के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय के निदेशक चुंग ईयू- योंग से मुलाकात की। राजदूत चुंग ने राजदूत बोल्टन को 27 अप्रैल को राष्ट्रपति मून जे- इन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग के मध्य हुई शिखर सम्मेलन का विस्तृत लेख प्रदान किया। उन्होंने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ राष्ट्रपति ट्रम्प की आगामी बैठक पर चर्चा की और आने वाले हफ्तों में लगातार संचार बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। राजदूत बोल्टन और राजदूत चुंग ने यह भी उल्लेख किया है कि उत्तर कोरिया के साथ उनकी संबंधित जुड़ावों पर व्हाइट हाउस और ब्लू हाउस के बीच घनिष्ठ समन्वय संयुक्त राज्य अमेरिका- कोरिया गणराज्य के गठबंधन की ताकत को दर्शाता है। दोनों राजदूतों ने पुनः पुष्टि की कि कोरिया गणराज्य में संयुक्त राज्य अमेरिका- कोरिया द्विपक्षीय रक्षा रुख को बदलने की कोई योजना नहीं है। राजदूत बोल्टन और राजदूत चुंग ने 22 मई, 2018 को राष्ट्रपति मून के व्हाइट हाउस दौरे तैयारी शुरू कर दी।”

डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति

3 अप्रैल, 2018[9]

न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेंटागन को , उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के साथ एक ऐतिहासिक बैठक रखने के बस कुछ हफ्ते पहले, दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलवाने की तैयारी करने का आदेश दिया है।

8 "Readout of Assistant to the President for National Security Affairs John R. Bolton's Meeting with National Security Office Director Chung Eui-yong of the Republic of Korea", The White House, May 4, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/readout-assistant-president-national-security-affairs-john-r-boltons-meeting-national-security-office-director-chung-eui-yong-republic-korea/

9 "Trump Orders Pentagon to Consider Reducing U.S. Forces in South Korea", The New York Times, May 3, 2018, https://www.nytimes.com/2018/05/03/world/asia/trump-troops-south-korea.html?hp&action=click&pgtype=Homepage&clickSource=story-heading&module=first-column-region&region=top-news&WT.nav=top-news

सैराह सैंडर्स - प्रेस सचिव, वाइट हाउस

3 अप्रैल, 2018[10]

“हम वर्तमान उनकी रिहाई (उत्तर कोरिया में अमेरिकी बंधकों) के बारे में जारी किसी भी रिपोर्ट की वैधता की पुष्टि नहीं कर सकते हैं। लेकिन हम निश्चित रूप से इसे सद्भावना के संकेत के रूप में देखेंगे यदि उत्तर कोरिया राष्ट्रपति ट्रम्प और किम जोंग- उन के बीच चर्चा से पहले तीन अमेरिकियों को रिहा करता है।”

3 मई, 2018[11]

“इस विभाग को उस बारे में (कोरियाई प्रायद्वीप से अमेरिकी सैन्य कर्मियों को वापस वुलाने पर) कोई सूचना नहीं मिली है। हमारा रुख बना हुआ है।”

“सचिव (जिम मैटिस) ने कहा है कि यह (दक्षिण कोरिया से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के बारे में चर्चा करने की संभावना) - हमने पिछले सप्ताह में जो देखा, उसे लेकर बेहद आशावादी बने हुए हैं।”

प्रवक्ता ने 27 अप्रैल, 2018 को रक्षा सचिव जिम मैटिस द्वारा की गई एक टिप्पणी का सन्दर्भ दिया

“यह (अमेरिकी सैनिकों को कोरियाई प्रायद्वीप पर तैनात रहने की जरूरत है) उन मुद्दों का हिस्सा है जिन पर हम अपने सहयोगियों के साथ वार्ता में चर्चा करेंगे और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया के साथ भी चर्चा करेंगे। इसलिए , मैं अभी के लिए सोचता हूं , हमें बस प्रक्रिया पूरी करनी है, बातचीत करनी है, और कोई पूर्वपेक्षा या अनुमान नहीं लगाना है कि ये बैठक कैसी होने वाली है। हम - राजनयिकों को अब काम पर जाना होगा।”

हीथर नोआर्ट - प्रवक्ता, विदेश विभाग

3 मई, 2018[13]

10 "Press Briefing by Press Secretary Sarah Sanders", The White House, April 3, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-050318/
11 "Department Of Defense Press Briefing By Pentagon Chief Spokesperson Dana W. White In The Pentagon Briefing Room", Department of Defense, May 3, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1511983/department-of-defense-press-briefing-by-pentagon-chief-spokesperson-dana-w-whit/
12 "Secretary Mattis Hosts an Honor Cordon Welcoming Poland Defense Minister Mariusz Blaszczak to the Pentagon", Department of Defense, April 27, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1505983/secretary-mattis-hosts-an-honor-cordon-welcoming-poland-defense-minister-marius/
13 "Department Press Briefing", State Department, May 3, 2018, https://www.state.gov/r/pa/prs/dpb/2018/05/281803.htm

"मैं सिर्फ यह कह सकती हूं कि हम इस समय उन रिपोर्टों (उत्तर कोरिया में अमेरिकी बंधकों को जेल से निकालकर होटल में ले जाया गया है) की वैधता की पुष्टि नहीं कर सकते। जैसा कि आप सभी जानते हैं विदेशों में मौजूद अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण हमारा शीर्ष मुद्दा है। हम अपने अमेरिकी नागरिकों को घर लाना चाहते हैं। हम काफी समय से यह पूछते रहे हैं और पता लगाने की कोशिश करते रहे हैं --- उत्तर कोरिया सरकार से। हम चाहते हैं कि वे जल्द से जल्द घर आ जाएं।

माइक पोम्पियो - राज्य सचिव

2 मई, 2018[14]

"वर्तमान, हमारे पास कोरियाई प्रायद्वीप के इतिहास के क्र म को बदलने का एक अभूतपूर्व अवसर है। मैं "अवसर" शब्द को रेखांकित करता हूं। हम काम के शुरुआती चरणों में हैं, और परिणाम निश्चित रूप से अभी तक ज्ञात नहीं है। लेकिन एक बात निश्चित है: यह प्रशासन अतीत की गलतियों को नहीं दोहराएगा। हमारी आँखें खुली हैं। इसे हमेशा के लिए हल करने का समय है। कोई बुरा सौदा करने का विकल्प नहीं है। अमेरिकी लोग इसे सुलझाने के लिए हम पर भरोसा कर रहे हैं।"

"हम उत्तर कोरिया के सामूहिक विनाश कार्यक्रम के हथियारों के स्थायी , सत्यापनीय, अपरिवर्तनीय रूप से नष्ट करने, और बिना देरी के ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति

30 अप्रैल, 2018[15]

"बैठक के लिए कई देशों पर विचार किया जा रहा है , किन्तु क्या उत्तर और दक्षिण के सीमा पर मौजूद पीस हाउस / फ्रीडम हाउस एक तृतीय पक्षीय देश की तुलना में अधिक प्रतिनिधिकारी, महत्वपूर्ण और लम्बे समय तक टिकने वाला स्थल बन सकता है ? बस पूछ रहा हूँ!"

30 अप्रैल, 2018[16]

"हम सिंगापुर समेत विभिन्न देशों पर विचार कर रहे हैं, और हम विसैन्यीकृत क्षेत्र, पीस हाउस, फ्रीडम हाउस की संभावनाओं के बारे में भी बात कर रहे हैं, और कुछ ऐसा है जो मुझे पेचीदा लगा।"

14 "Remarks by President Trump at Swearing-In Ceremony of Mike Pompeo as Secretary of State", The White House, May 2, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-swearing-ceremony-mike-pompeo-secretary-state/

15 Donald Trump, Twitter, April 30, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/990928644100034561

16 "Trump says he likes idea of meeting Kim on inter-Korean border", The Yonhap News, April 30, 2028, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/30/0401000000AEN20180430012054315.html

	"इसकी कुछ ऐसी चीज है जो मुझे पसंद है क्योंकि आप वहां हैं। आप वास्तव में वहां हैं, जहां, अगर चीजें काम करती हैं, तो तीसरे पक्ष के देश में नहीं बल्कि उस स्थल पर बड़ा जश्न मनाया जाएगा। " "संयुक्त राज्य अमेरिका कोरियाई प्रायद्वीप के संबंध में संभावित रूप से कुछ करने के करीब कभी नहीं रहा है, जो परमाणु हथियारों से छुटकारा दिला सकता है, इतनी सारी अच्छी चीजें, इतनी सारी सकारात्मक चीजें और दुनिया के लिए शांति और सुरक्षा ला सकता है।" 29 अप्रैल, 2018[17] "सुर्खियाँ, फेलिंग न्यूयॉर्क टाइम्स: "अगर अमेरिका आक्रमण करने का प्रण लेता है, तो किम परमाणु हथियारों को नष्ट करने के लिए तैयार है। " इसके अलावा, मई में परमाणु परीक्षण स्थलों को बंद भी कर देगा।" 28 अप्रैल, 2018[18] "अभी-अभी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून के साथ मेरी लंबी और बहुत अच्छी वार्ता हुई। चीजें बहुत अच्छी चल रही हैं, उत्तर कोरिया के साथ मुलाकात का समय और स्थान निर्धारित किया जा रहा है। साथ ही जापान के प्रधान मंत्री अबे को चल रही वार्ताओं की सूचना देने के लिए उनसे बात की।" 27 अप्रैल, 2018 "मिसाइल प्रक्षेपण और परमाणु परीक्षण के एक उग्र वर्ष के बाद, अब उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच एक ऐतिहासिक बैठक हो रही है। अच्छी चीजें हो रही हैं, लेकिन केवल समय ही बताएगा!"[19] "कोरियाई युद्ध समाप्त होगा! संयुक्त राज्य अमेरिका, और उसके सभी महान लोगों को, कोरिया में अब जो हो रहा है, उस पर बहुत गर्व होना चाहिए!"[20] 26 अप्रैल, 2018[21]

17 Donald Trump, Twitter, April 29, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/990787671281819648
18 Donald Trump, Twitter, April 28, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/990225456233316354
19 Donald Trump, Twitter, April 27, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/989816772713906177
20 Donald Trump, Twitter, April 27, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/989820401596366684

	“हमें एक निर्णय लेना है। हमारे पास तीन या चार तारीखें हैं और जिसमें स्थान शामिल हैं। हमारे पास पांच स्थान हैं और इन सब में से छांटा जाएगा।” “तो यह हो सकता है कि मैं जल्दी निकल जाऊं - सम्मान के साथ, लेकिन यह हो सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि बैठक हो ही ना। किसे पता है ? लेकिन मैं आपको अभी ये बता सकता हूं कि वो लोग मिलना चाहते हैं।” **माइक पोम्पियो - राज्य सचिव** 29 अप्रैल, 2018[22] “मुझे विश्वास है कि किम जोंग- उन कागज़ के एक टुकड़े से कही ज्यादा चाहते हैं, है ना? वो इस उत्तर कोरियाई समझौते को देख कर ये नहीं कह रहे कि , “हे भगवान, राष्ट्रपति ओबामा और ईरानियों के बीच एक ईरान समझौता हुआ था , और मैं इस तथ्य पर भरोसा करने जा रहा हूं कि अगर मैं अपने परमाणु हथियारों को त्याग देता हूँ , तो इस बात पर भरोसा करने के लिए अमेरिकी सही काम करेंगे।” “वो हमारे हितों, अधिकारों और व्यवस्थाओं को संरेखित करने जा रहे हैं - हमने जिसके बारे में बात की है वो ठोस, अपरिवर्तनीय कार्रवाई, आश्वासन है, जिसने उन्हें ये आश्वासन दिया है कि यदि हम इसे बदलने में सफल होते हैं, तो यह स्थायी होगा। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किम जोंग-उन ईरान के समझौते को देख कर कह रहे हैं कि , “हे भगवान, अगर वो समझौते से पीछे हटते हैं तो मैं अमेरिकियों से आगे बात नहीं करूंगा। अमेरिकी जेसीपीओए (ईरान परमाणु समझौते) में बने रहते हैं या नहीं , इस बारे में उन्हें जो चिंता है, हमारे सामने उससे भी कई अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे पड़े हैं।” “यह (अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच बातचीत) एक प्रगतिशील मुद्दा है और हम प्रगति कर रहे हैं, और हमें यह सुनिश्चित है कि हर कोई एक ही स्थान पर हो। इसलिए मैं ये मुलाकात पूरा होने तक रुकूँगा। 28 अप्रैल, 2018[23] “मुझे लगता है कि यह (मून-किम शिखर सम्मेलन) एक बड़ी बात है। यह महत्वपूर्ण है। इस दिशा में हर कदम मायने रखता है। उद्देश्य वही है : सम्पूर्ण, सत्यापनीय, अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण। प्रशासन का यहीं लक्ष्य है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने उत्तर कोरिया के लोगों पर आर्थिक दबाव डाला है , और ऐसा प्रतीत होता है कि इससे हमें यह मौका मिला है, किसी ऐसी चीज के लिए एक असली मौका , जिसे हासिल करने पर वो दुनिया के लिए परिवर्तनकारी होगा।”

21 "Trump says 3 or 4 dates being tossed for Kim summit", The Yonhap News, April 27, 2018english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427000200315.html
22 "Remarks to the Press", The State Department, April 29, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/281298.htm
23 "Interview With Jonathan Karl of ABC's This Week", State Department, April 28, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/281297.htm

"मैं एक मिशन (प्योंगयांग के) पर था। मुझे किम जोंग-उन के साथ राष्ट्रपति ट्रम्प की बैठक के लिए जमीनी कार्य शुरू करने का एक मिशन मिला था। हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम यह समझते हैं कि उत्तर कोरियाई लोग , किम जोंग-उन उन चीजों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं , जो हमें राष्ट्रपति और अध्य क्ष के बीच बैठक का एक आधार , एक जमीन देने के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। मैं उस क्षण इस चीज पर बहुत ध्यान दे रहा था।"

"मैं उन लक्ष्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य बना रहा था जिन्हें राष्ट्रपति ने मेरे लिए निर्धारित किया था। यह स्पष्ट हो गया कि मैं किम जों ग-उन के साथ कुछ विवरणों पर चर्चा करने का मौका ढूँढने जा रहा हूँ, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं ये पता लगाने जाऊँगा कि क्या हमारे दोनों देशों के लिए ये हासिल कर सकने का कोई मौका वाकई में है या नहीं। और जब मैं वापस आया , तो मैंने राष्ट्रपति को अपने चर्चा की सूचना दी। यह एक उत्पादक चर्चा थी। बहुत सारे काम करना बाकी है, लेकिन अब हमारे पास कुछ ऐसा कर दिखाने का मौका है जो अभूतपूर्व रूप से महत्वपूर्ण है।"

"उत्तर कोरिया के साथ बातचीत करने के संबंध में हमारा एक लंबा इतिहास रहा है। बारम्बार कार्रवाई की गई है , लेकिन इसके नतीजे केवल ये हुए कि वो वादे गलत और झूठ साबित हुए, या वो इसे पूरा करने में सक्षम नहीं थे। मेरा लक्ष्य था प्रयास करके ये पहचानना कि क्या असल में कोई मौका है या नहीं। मेरा मानना है कि हाँ मौका है। कौन जानता है कि अंतिम विचार- विमर्श कैसे होगा। अभी बहुत काम करना बाकी है , लेकिन मुझे आशा है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने जो परिस्थितियाँ बनाई हैं, उससे हमें ये मौका मिल पाया है।"

"हमारी बातचीत अच्छी रही। हमने गंभीर मामलों पर बात की। वे बहुत अच्छी तरह से तैयार था; मुझे उम्मीद है कि मैं भी खरा उतरा। हमने अप ने दोनों देशों द्वारा सामने किए जा रहे कठोर मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की। मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प का स्पष्ट मिशन वक्तव्य मिला था। जब मैं वहां से निकला, किम जोंग-उन को वो मिशन सही-सही समझ आ गया, जैसा कि मैंने आज बताया है, और वो इस बात पर सहमत हुए कि वो उस बारे में बात करने और एक रूपरेखा बनाने के लिए तैयार हैं जो हमें उस उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। केवल समय बताएगा कि क्या हम ऐसा कर सकते हैं या नहीं।"

"इस प्रशासन ने अपनी आँखें खुली रखी हैं। हमें इतिहास के बारे में मालूम है ; हमें जोखिमों के बारे में मालूम है। हम बहुत अलग होने जा रहे हैं। हम पहले की तुलना में एक अलग तरीके से बातचीत करने जा रहे हैं। हमें उन चरणों की आवश्यकता होगी। हम महान आशय से शब्द "अपरिवर्तनीय" का उपयोग करते हैं। हमें उन चरणों की आवश्यकता है जो प्रदर्शित करते हैं कि विपरमाणुकरण हासि ल होने वाला है। हम वादों को स्वीकार नहीं करेंगे। हम बातों पर यकीन नहीं करेंगे। हम कार्रवाई और कामों को देखेंगे। और ऐसे समय तक, राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से स्पष्ट किया है कि जब तक हम इसे प्राप्त नहीं कर लेते तब तक हम दबाव अभियान को जारी रखेंगे। यह अलग बात है।

	और इसलिए प्रत्येक मामले में , दोनों देशों को शब्दों से अधिक कुछ करना होगा। हमें वास्तव में वो परिणाम प्राप्त करना होगा जिस बारे में किम जोंग-उन और मुझे राष्ट्रपति के निर्देश पर बात करने का मौका मिला है।" "मैं कार्रवाई होते हुए देखना चाहता हूँ और राष्ट्रपति ट्रम्प भी यही चाहते हैं। हमने गठबंधन बनाया है। किम जोंग- उन पर दबाव बनाने के लिए एक राजनयिक गठबंधन साथ आया है। राष्ट्रपति ट्रम्प और दबाव अभियान ही वो कारण है जिसकी वजह से किम जोंग-उन मुलाकात करने को राजी हुए हैं। परिणाम प्राप्त करना हमारे प्रशासन का उद्देश्य है। राष्ट्रपति और किम जोंग-उन के मध्य हम यही चाह रहे हैं।" "किम जोंग-उन एक निर्णय लेना होगा। उन्हें एक बड़ा निर्णय लेना होगा। क्या वे दबाव अभियान जारी रखना चाहता है? क्या वे चाहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें उस स्थिति में दुबारा डालें जिस स्थिति में वे आज हैं? या क्या वे कुछ बड़ा और साहसिक और अलग चाहते हैं, कुछ ऐसा जो पहले कभी नहीं हुआ है?" "मुझे नहीं पता कि यह किस रास्ते पर जाएगा। जैसा कि राष्ट्रपति ने कहा है , केवल समय ही बताएगा। लेकिन हमारे पास एक मिशन निर्धारित है। शांतिपूर्ण समाधान खोजने हेतु हम पर राजनयिक चर्चाएँ करने का उत्तरदायित्व है ताकि किम जोंग- उन और उनके परमाणु शस्त्रागार से अमेरिकी लोगों को कोई खतरा ना हो। यही मिशन है। यही लक्ष्य है। सिर्फ समय ही बता पाएगा कि हम इसे प्राप्त कर सकते हैं या नहीं।" "प्रशासन ने बहुत स्पष्टता से क हा है। हम देखेंगे कि वार्ता कैसे आगे बढ़ती है , लेकिन हम उत्तर कोरियाई लोगों को उनके परमाणु हथियार कार्यक्रम त्यागने के लिए मनाने के लिए किए गए पिछले प्रयासों की तुलना में ये कार्य अधिक मौलिक रूप से अलग तरीके से करने जा रहे हैं। हमारी आँखें खुली हैं।" "राष्ट्रपति ने साफ- साफ कहा है। हम किम जोंग- उन को अमेरिका को धमकी देने की अनुमति नहीं देंगे। हम उसे कोई ऐसा कार्यक्रम विकसित नहीं करने देंगे जो अमेरिकियों के लिए खतरा हो।" "उत्तर कोरिया के लोग बहुत कठिन परिस्थितियों में रहते हैं। मेरा मानना है कि किम जोंग-उन का इस संवाद के साथ जुड़ने का एक कारण यह है कि राष्ट्रपति ट्रम्प , और वास्तव में, दुनिया द्वारा जो दबाव अभियान लागू किया गया है , उसने उन्हें और भी कठिन, और भी मुश्किल स्थिति में डाल दिया गया है। और इसलिए मैं आशावादी हूं। हम कोई ना कोई समाधान ढूँढने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे ताकि उत्तर कोरियाई लोग वास्तव में बेहतर जीवन जी सकें।"

	27 अप्रैल, 2018[24] “मैं ऐतिहासिक बैठक, और शांति और समृद्धि के लिए कोरियाई लोगों की आकांक्षाओं पर कोरिया गणराज्य और उत्तर कोरिया को बधाई देना चाहता हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है: हम राष्ट्रपति ट्रम्प के अधिकतम दबाव अभियान के बिना और उत्तर कोरिया पर दबाव डालने के लिए दुनिया भर में की गई कार्रवाइयों के बिना आज यहाँ नहीं होते। हमें राष्ट्रपति मून और नेता किम जोंग- उन की पनमुनजोम घोषणा में उल्लिखित सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के लक्ष्य से प्रोत्सा हन मिलता है। हम यह समझने के लिए घोषणा पत्र का बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं कि क्या नेता किम ने इस समझौते के हिस्से के रूप में कोई नई प्रतिबद्धता बनाई है या नहीं।” “हमारा उद्देश्य अपरिवर्तित रहा है। हम बिना किसी देरी के उत्तर कोरियाई लोगों के सामूहिक विनाश के हथियारों के स्थायी, सत्यापनीय, अपरिवर्तनीय रूप से नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तब तक, विश्व की अधिकतम दबाव अभियान जारी रहेगी।” **जॉन बोल्टन - राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** 28 अप्रैल, 2018[25] “हमने 2003, 2004 के लीबिया मॉडल को ध्यान में रखा है।” “मुझे लगता है कि यह (ट्रम्प-किम बैठक) होने वाला है।” “मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे राष्ट्रपति ने पहले ही एक अच्छा सौदा माना है।” **वक्तव्य - व्हाइट हाउस** 28 अप्रैल, 2018[26] “राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प ने राष्ट्रपति मून और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच 27 अप्रैल की बैठक पर चर्चा करने के लिए कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति मून जे-इन के साथ आज बात की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी बैठक की अगुवाई में कोरिया

24 "Remarks at a Press Availability", State Department, April 27, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/281275.htm

25 http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/29/0401000000AEN20180429003900315.html

26 "Readout of President Donald J. Trump's Call with President Moon Jae-In of the Republic of Korea", The White House, April 28, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/readout-president-donald-j-trumps-call-president-moon-jae-republic-korea-8/

	गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच घनिष्ठ समन्वय के लिए राष्ट्रपति मून को धन्यवाद दिया, और आने वाले हफ्तों में निकट संपर्क में रहने के लिए प्रतिबद्ध हुए। दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि वैश्विक अधिकतम दबाव अभियान के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका , कोरिया गणराज्य और अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा डाले गए अभूतपूर्व दबाव ने इस महत्वपूर्ण क्षण को जन्म दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति मून ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तर कोरिया के लिए एक शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य इसके सम्पूर्ण , सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण पर निर्भर करता है।" 28 अप्रैल, 2018[27] "राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प ने आज जापान के प्रधान मंत्री शिंजो बे के साथ बात की। नेताओं ने उत्तर कोरिया के स्थायी और सत्यापनीय विपरमाणुकरण को प्राप्त करने और संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच बातचीत आगे बढ़ने के दौरान अपना निकट समन्वय जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा सामूहिक विनाश के सभी हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को त्यागने की आवश्यकता को भी दोहराया। अंत में , राष्ट्रपति ट्रम्प ने उल्लेख किया कि वे उत्तर कोरिया से जापानी नागरिकों के अपहरण के मुद्दे को तुरंत हल करने का आग्रह करेंगे।" **माइक पेंस - उप-राष्ट्रपति** 27 अप्रैल, 2018[28] "यह तथ्य कि उत्तर कोरिया संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी रियायत के बिना उसके साथ बातचीत करने के लिए तैयार हुआ है , ये राष्ट्रपति ट्रम्प का नेतृत्व बयान करता है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि प्रतिबन्ध लगाने का गहरा दबाव काम कर रहा है। कोरियाई शांति समझौता कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण की दिशा में एक कदम है, लेकिन यह सिर्फ एक कदम है। उत्तर कोरिया के तरफ से की गई किसी भी वार्ता , वादे और आश्वासन का सामना आरक्षण , सतर्कता और सत्यापन से किया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया शिखर सम्मे लन की योजना जारी है , लेकिन जैसा कि हमने पहले कहा है - दबाव अभियान बेरोक जारी रहेगा।"

27 "Trump's Call with Prime Minister Shinzo Abe of Japan", White House, April 28, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/readout-president-donald-j-trumps-call-prime-minister-shinzo-abe-japan-8/
28 "Statement from Vice President Mike Pence on the Inter-Korean Summit", White House, April 27, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/statement-vice-president-mike-pence-inter-korean-summit/

	सैराह सैंडर्स - प्रेस सचिव, व्हाइट हाउस 26 अप्रैल, 2018 “उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के साथ कोरियाई गणराज्य के राष्ट्रपति मून जे-इन की ऐतिहासिक मुलाकात के अवसर पर, हम कोरियाई लोगों को शुभकामनाएं देते हैं।”
दक्षिण कोरिया	**ली नाक-यून - प्रधान मंत्री** 3 मई, 2018[29] “पिछले हफ्ते की अंतर- कोरियाई शिखर सम्मेलन ने कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण और स्थायी शांति के लिए एक नाटकीय आधार तैयार किया था। अंतर-कोरियाई संबंधों में व्यापक सुधार लाने के लिए विभिन्न समझौते भी किए गए थे।” “अंतर-कोरियाई संबंधों में सुधार लाने की परियोजनाओं के संबंध में , जैसी ही आवश्यक तैयारियां पूरी हो जाएंगी, हम ऐसी परियोजनाएं शुरू करने जा रहे हैं अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों के अधीन नहीं हैं। उत्तर कोरिया में वनीकरण करने में सहायता करने की परियोजना इनमें से एक है।” **अधिकारी - सरकारी** 2 मई, 2018[30] उच्च श्रेणी के एक सरकारी अधिकारी ने पत्रकारों को कहा, “निरीक्षण और सत्यापन किए बिना परमाणु-मुक्त कोरियाई प्रायद्वीप चाहना बेमतलब है। उत्तर कोरिया के नेता ये बात अच्छी तरह समझते हैं।” “उत्तर कोरिया ने कहा है कि वे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और पत्रकारों की उपस्थिति में परमाणु परीक्षण स्थल को बंद कर देंगे। मुझे लगता है कि इससे यह प्रकट होता है कि प्योंगयांग में भी निरीक्षण (की अनुमति देने) की एक मजबूत इच्छा है।” अधिकारी ने कहा, “(उत्तर कोरिया) के विपरमाणुकरण के अंतिम चरण में शांति संधि का पालन करने को प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य के रूप में देखा गया है। इस साल हम युद्ध को समाप्त करने की घोषणा करना चाह रहे हैं।”

29 "PM: S. Korea to seek forestation project in N. Korea", The Yonhap News, May 3, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/03/0401000000AEN20180503009800315.html
30 "N.K. leader understands denuclearization should involve inspection: Seoul official ", The Yonhap News, May 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/02/0401000000AEN20180502005251315.html

	चो म्योंग-ग्योन - संघीकरण मंत्री 2 मई, 2018[31] "अंतर-कोरियाई संबंधों को विकसित करने और कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण का एक पुण्य चक्र सही मायनों में अब चलना शुरू हुआ है।" "इन अर्थों में, आगामी अमेरिका उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण है।" **मून जे-इन - राष्ट्रपति** 2 मई, 2018[32] "यूनाइटेड स्टेट्स फोर्सेज कोरिया (यूएसएफएक) दक्षिण कोरिया-अमेरिकी गठबंधन का मामला है। इसका शांति संधि पर हस्ताक्षर करने से कोई लेना-देना नहीं है।" 30 अप्रैल, 2018[33] "मैं आपको दक्षिण-उत्तर कोरिया संबंधों के विकास पर कानून के तहत आवश्यक घोषणा की अभिपुष्टि करने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने के लिए कहता हूं।" "फिर भी, यह वांछनीय नहीं होगा यदि संसद की सहमति राजनीतिक विवाद का एक और स्रोत बन जाए।" "पनमुनजोम घोषणा शांति की घोषणा है जिसने पूरी दुनिया को बताया कि कोरियाई प्रायद्वीप पर अब कोई युद्ध या परमाणु खतरा नहीं होगा। मुझे विश्वास है कि कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति का एक नया युग शुरू होगा।" "हमने केवल पहला कदम ही उठाया है। मैं आपसे सभी आवश्यक अनुवर्ती उपाय करने के लिए कहता हूं।" "कुछ ऐसे काम हैं जिन्हें तत्काल शुरू किया जा सकता है और कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें शुरू करने के लिए शर्तों को पूरा करने तक इंतजार करना पड़ सकता है। मैं आपको उन कामों की सावधानीपूर्वक पहचान और जल्दी से लागू करने के लिए कहता हूं जिन्हें तत्काल शुरू किया जा सकता है, और जिन कामों के लिए आवश्यक शर्तों की जरूरत है , उनके लिए पहले प्राथमिक अध्ययन और अनुसन्धान शुरू करें।"

31 "N.K. leader understands denuclearization should involve inspection: Seoul official ", The Yonhap News, May 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/02/0401000000AEN20180502005251315.html

32 ""President Moon dismisses possible withdrawal of USFK", The Yonhap News, May 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/02/0401000000AEN20180502001751315.html

33 "Moon urges parliamentary ratification of Panmunjom Declaration", The Yonhap News, April 30, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/30/0401000000AEN20180430007652315.html

अधिकारी - राष्ट्रपति कार्यालय

2 मई, 2018[34]

“सरकार का रुख यह है कि यूनाइटेड स्टेट्स फोर्सेज कोरिया (यूएसएफएक) उत्तर कोरिया को घेरे बड़ी ताकतों, जैसे कि चीन और जापान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रही है। यह सरकार का रुख है कि यूएसएफके की आवश्यकता है।”

ये अधिकारिक वक्तव्य विदेश नीति पर राष्ट्रपति मून के विशेष सलाहकार प्रोफ़ेसर मून चुंग-इन द्वारा दिए गए बयान के जवाब में था। प्रोफ़ेसर मून ने कहा , “यदि शांति संधि पर हस्ताक्षर होता है, तो दक्षिण कोरिया में मौजूद अमेरिकी सेनाओं का क्या होगा? इसे अपनाने के बाद दक्षिण कोरिया में उनकी उपस्थिति को सही ठहराना मुश्किल होगा।”

चो म्यौंग-ग्योन - संघीकरण मंत्री

1 मई, 2018[35]

“राष्ट्रपति मून ने सियोल और प्योंगयांग के कार्यालयों के माध्यम से एक स्थायी आधार पर संवाद करने के लिए कहा , और अध्यक्ष किम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीजें उसी तरह से बदलेंगी।”

किम यूई-कियोम- प्रवक्ता, राष्ट्रपति कार्यालय

29 अप्रैल, 2018[36]

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे- इन और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो बे ने 29 अप्रैल, 2018 को टेलीफोन वार्ता की , जिसमें मून और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग- उन के बीच हुई शिखर सम्मेलन के परिणाम पर चर्चा की गई।

“राष्ट्रपति मून ने उत्तर कोरिया और जापान के बीच एक पुल बिछाने का प्रस्ताव दिया।”

34 ""President Moon dismisses possible withdrawal of USFK", The Yonhap News, May 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/02/0401000000AEN20180502001751315.html
35 "N.K. leader can discuss Moon's proposal to install liaison offices in Seoul, Pyongyang: minister", The Yonhap News, May 1, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/01/0401000000AEN20180501007351315.html
36 "Moon offers to broker N. Korea-Japan talks", The yonhap News, April 29, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/29/0401000000AEN20180429002500315.html

होंग जून-प्यो- नेता, लिबर्टी कोरिया पार्टी (एलकेपी - मुख्य विपक्षी)

27 अप्रैल, 2018[37]

“आखिरकार, शिखर सम्मेलन किम जोंग- उन और मून सरकार के बीच एक सहयोगी 'शांति प्रदर्शन' के अलावा कुछ भी नहीं था.........।”

रूढ़िवादी पार्टी के अध्यक्ष ने ये बोलते हुए मून सरकार पर प्रहार किया कि “उत्तर कोरिया को अपने परमाणु हथियार त्यागने के बारे में एक शब्द भी बोलने में सक्षम नहीं रहें ” और घोषणा को मून द्वारा लिखे गए किम के शब्दों का “श्रुति लेखन” कहा।

वक्तव्य - डेमोक्रेटिक पार्टी (सत्तारूढ़ दल)

27 अप्रैल, 2018[38]

“(शिखर सम्मेलन) एक ऐतिहासिक घोषणा थी जो कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और तनाव को कम करने की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करती है।”

“इसमें प्रमुख एजेंडा मुद्दों के लिए विस्तृत कार्य योजना को समेकित किया गया है , जो दोनों कोरियाई देशों को आगे बढ़ने के लिए निष्पादित करने होंगे।”

किम चियोल-कुन - प्रवक्ता, बरुन्मीरा पार्टी (छोटे विपक्षी दल)

27 अप्रैल, 2018[39]

बरुन्मीरा पार्टी ने संयुक्त घोषणापत्र में कोरियाई प्रायद्वीप पर कथित एक वाक्यांश “सम्पूर्ण विपरमाणुकरण ” का विशेष सन्दर्भ दिया। लेकिन इसने विपरमाणुकरण की प्रक्रिया निष्पादित करने के अर्थों में उत्तर कोरिया के तरफ से अधिक मूर्त प्रयास करने के अपने बात को दोहराया।

“जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि हम इन्हें कैसे लागू करेंगे।”

37 "South Korean parties divided over summit result ", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427014300315.html
38 Ibid
39 Ibid

मून जे-इन - राष्ट्रपति

27 अप्रैल, 2018[40]

“जिस क्षण अध्यक्ष किम ने सैन्य सीमांकन रेखा को पार किया , पनमुनजोम शांति का प्रतीक बन गया, न कि विभाजन का।”

“मैं एक बार फिर से अध्यक्ष किम जोंग- उन के फैसले के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहता हूं जिसने आज की चर्चाओं को संभव बनाया है।”

“दुनिया भर की नज़र और कान इस जगह , पनमुनजोम की ओर टिके हुए हैं। दक्षिण और उत्तर दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ हमारे विदेशी नागरिकों को भी बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं।”

कांग क्यूंग-वा - विदेश मंत्री

26 अप्रैल, 2018[41]

“अगर हम विपरमाणुकरण करने के संबंध में उत्तर कोरियाई नेता की प्रतिबद्धता को लिखित रूप में प्राप्त कर सकें, तो यह एक बहुत ही ठोस परिणाम होगा।”

“स्पष्ट रूप से , इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प को जाता है। वह पहले ही दिन से इसके अपनी चपेट में लेने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। ” “अंत में, ये संदेश मिला कि उत्तर कोरिया को स्वीकार नहीं किया जाएगा - परमाणु शक्ति के रूप में कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा।”

“आपको शत्रुता को दूर करके शांति की वास्तविकता बनाने की आवश्यकता है।”

“और फिर जब दोनों पक्षों को एक- दूसरे पर पर्याप्त विश्वास हो जाएगा , तो आप एक शांति संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हो जाएंगे।”

अधिकारी - कर्मचारी संयुक्त प्रमुख

26 अप्रैल, 2018[42]

26 अप्रैल, 2018 को, दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अंतर- कोरियाई शिखर सम्मेलन के दिन अपनी वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास को स्थगित करने का निर्णय लिया।

40 "Leaders of two Koreas vow efforts to make 'good progress' at summit ", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427004651315.html
41 "S. Korean FM hopes Kim commits to denuclearization in writing ", The Yonhap News, April 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427000500315.html
42 "S. Korea, U.S. to stop military drills on summit day", The Yonhap News, April 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/26/0401000000AEN20180426012000315.html

	"दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने गुरुवार को 2018 केआर का प्रथम भाग संचालित करने का फैसला किया है , और संयुक्त रूप से निष्कर्ष निकाला कि अभ्यास के लक्ष्य को प्राप्त किया गया है।" "फोल ईगल अभ्यास के अधिकांश कार्यक्रम आज समाप्त हो जाएंगे।" "आप कह सकते हैं कि प्रशिक्षण वास्तव में आज समाप्त हो गया है।"
चीन	**वक्तव्य - विदेश मंत्रालय** 3 मई, 2018[43] "3 मई, 2018 को वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्लूपीकी) के अध्यक्ष और कोरिया जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया (डीपीआरके) के राज्य मामलों के आयोग के अध्यक्ष किम जोंग-उन ने राज्य पार्षद और विदेश मंत्री वांग यी के साथ डब्लूपीके केंद्रीय समिति के मुख्यालय में मुलाकात की, जो डीपीआरके के दौरे पर थे।" "वांग यी ने कहा कि डीपीआरके ने स्थिति का अवलोकन किया , दृढ़ता से निर्णय लिया, और कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन का मार्गदर्शन किया। चीन डीपीआरके और कोरिया गणराज्य के नेताओं को एक सफल बैठक और युगांतरकारी पनमुनजोम घोषणा जारी करने पर समर्थन और बधाई देता है। ये बैठक कोरियाई प्रायद्वीप मुद्दे के राजनीतिक समाधा न के लिए अनुकूल अवसर लेकर आया है। चीन कोरियाई प्रायद्वीप पर युद्ध की स्थिति का अंत करने और युद्धविराम को एक शांति समझौते से बदलने का समर्थन करता है , आर्थिक विकास के लिए अपने रणनीतिक फोकस को स्थानांतरित करने के लिए डीपीआरके का समर्थन करता है और डीपीआरके को विपरमाणुकरण की प्रक्रिया में आगे बढ़ते हुए अपनी मूल सुरक्षा समस्याओं का समाधान करने का समर्थन करता है। चीन इस संबंध में डीपीआरके के साथ संचार बनाए रखने और समन्वय को मजबूत करने के लिए तैयार है।" 2 मई, 2018[44] "2 मई, 2018 को स्थानीय समय, राज्य पार्षद और विदेश मंत्री वांग यी ने वर्कर्स

43 "DPRK Top Leader Kim Jong-un Meets with Wang Yi", MOFA, PRC, May 3, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/zxxx_662805/t1557115.shtml
44 "Wang Yi Holds Talks with Foreign Minister Ri Yong-ho of the DPRK", MOFA, PRC, May 2, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/zxxx_662805/t1556651.shtml

	पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया (डीपीआरके) के विदेश मंत्री री योंग- हो के साथ बातचीत की।" "चीन डीपीआरके को एक विकास पथ खोजने में पूरी तरह से समर्थन करता है जो इसके राष्ट्रीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हों , और आर्थिक निर्माण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। कोरियाई प्रायद्वीप की हालिया स्थिति पर हो रहे सकारात्मक बदलावों के बारे में बोलते हुए वांग यी ने कहा कि चीन कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के लक्ष्य की दिशा में डीपीआरके की प्रतिबद्धता और डीपीआरके की सही और उचित सुरक्षा के मुद्दों से निपटने का पूर्ण समर्थन करता है और डीपीआरके (उत्तर कोरिया) और आरओके (दक्षिण कोरिया) के बीच संबंधों के सुधार का पूर्ण समर्थन देता है। चीन को उम्मीद है कि डीपीआरके और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संवाद सुचारू रूप से होगी और इसमें पर्याप्त प्रगति हासिल होगी। चीन डीपीआरके के साथ संचार को मजबूत करने और कोरियाई प्रायद्वीप मुद्दे को राजनीतिक रूप से सुलझाने की प्रक्रिया में एक सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।" **हुआ चुनयिंग - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 2 मई, 2018[45] राज्य के पार्षद और विदेश मंत्री वांग यी का डीपीआरके दौरा दोनों पक्षों के नेताओं की सहमति पर चलने और उच्च- स्तरीय विनिमय और रणनीतिक संचार को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। दोनों पक्ष चीन-डीपीआरके संबंधों, प्रायद्वीप की स्थिति आदि पर गहन विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। "जहाँ तक ये सवाल है कि प्रायद्वीप मुद्दे के बारे में चीन क्या भूमिका निभाएगा, चीन हमेशा प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण को साकार करने , इसकी शांति और स्थिरता बनाए रखने और वार्ता और संवाद के माध्यम से विभिन्न पक्षों की मूल सुरक्षा समस्याओं को हल करने के लिए समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है। " प्रायद्वीप के मुद्दे की कठिनाई के जवाब में , चीन ने "सस्पेंशन-फॉर-सस्पेंशन" प्रस्ताव और दोहरा ट्रैक दृष्टिकोण सामने रखा, अर्थात्, प्रायद्वीप और इस क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता लाने की दृष्टि से , कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण और समकालिक तरीके से शांति का शासन स्थापित करना। हमें यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि प्रायद्वीप की स्थिति सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

45 "Foreign Ministry Spokesperson Hua Chunying's Regular Press Conference", MOFA, PRC, May 2, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1556224.shtml

हम प्रायद्वीप के सकारात्मक आवेग को संकलित करने और आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न पक्षों के साथ काम करने की उम्मीद करते हैं और प्रायद्वीप मुद्दे के अंतिम समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास और रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखते हैं।"

"फिलहाल कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति में कई सकारात्म क बदलाव आए हैं, जो सभी संबंधित पक्षों द्वारा किए गए ठोस प्रयासों का परिणाम है , जिसे अधिक संजोकर और सुरक्षा के साथ बनाए रखा जाना चाहिए। सभी पक्षों को इस तरह से बोलना और कार्य करना चाहिए, जो वर्तमान के सकारात्मक आवेग को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल हो , दोहरा ट्रैक दृष्टिकोण का अनुसरण करने के लिए अधिक से अधिक राजनयिक प्रयास करना चाहिए, अर्थात, वहां स्थायी शांति और स्थिरता लाने की दृष्टि से , कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण करना और समकालिक तरीके से कोरियाई प्रायद्वीप में शांति का शासन स्थापित करना।"

हुआ चुनयिंग - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

27 अप्रैल, 2018[46]

"हम दो नेताओं (किम और मून) द्वारा उठाए गए ऐतिहासिक कदम की सराहना करते हैं, ऐसा करने के लिए उनके राजनीतिक संकल्प और साहस की सराहना करते हैं , और निष्ठा के साथ उम्मीद करते हैं कि उनके बैठक से सकारात्मक परिणाम सामने आएँगे।"

"एक चीनी कविता है कि," भाईचारा सभी विषम परिस्थितियों में भी जीवित रहेगा, और पुराने बैर को तोड़ने के लिए एक मुश्कुराहत ही काफी है।" हमें उम्मीद है कि सभी लोग पनमुनजोम की ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन को कोरियाई प्रायद्वीप में स्थायी शांति और सुरक्षा लाने की दिशा में एक नई यात्रा के अवसर के रूप में देखेंगे।"

वक्तव्य - विदेश मंत्रालय

27 अप्रैल, 2018[47]

"जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया (डीपीआरके) और कोरिया गणराज्य (आरओके) के नेताओं ने आज एक सफल बैठक की। वे महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे और अंतर-कोरियाई संबंधों में सुधार, कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य तनाव को कम करने और विपरमाणुकरण को आगे बढ़ाने और प्रायद्वीप में दीर्घकालिक स्थिरता बनाने के लिए एक संयुक्त घोषणा- पत्र जारी किया। शिखर सम्मेलन के सकारात्मक परिणाम , दोनों पक्षों के बीच सामंजस्य और सहयोग को बढ़ावा देने, प्रायद्वीप की शांति और स्थिरता बनाए रखने और प्रायद्वीप मुद्दे की राजनीतिक समाधान प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल है। चीन इसका स्वागत करता है और अपने तरफ से बधाई देता है।"

46 "Foreign Ministry Spokesperson Hua Chunying's Regular Press Conference", MOFA, PRC, April 27, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1555315.shtml
47 "Foreign Ministry Spokesperson Lu Kang's Statement on the Inter-Korean Summit", MOFA, PRC, April 27, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2535_665405/t1555181.shtml

	"डीपीआरके और आरओके एक ही राष्ट्र के दो हिस्से हैं। चीन आपसी विश्वास बनाने और वार्ता और परामर्श के माध्यम से अपने संबंधों को बेहतर बनाने में दोनों पक्षों का समर्थन करता है। यह दोनों पक्षों और क्षेत्र के हितों में है , और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा आकांक्षा के अनुरूप है। हम आशा और विश्वास करते हैं कि डीपीआरके और आरओके इस शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं के बीच हुई सहमति पर आगे की कार्रवाई करेंगे तथा सुलह और सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष संवाद का आवेग बनाए रखेंगे और प्रायद्वीप मुद्दे के राजनीतिक समाधान की प्रक्रिया और प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। चीन इस संबंध में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।"
रूस	**वक्तव्य - विदेश मंत्रालय** 27 अप्रैल, 2018[48] "हम 27 अप्रैल को पनमुनजोम में दोनों कोरियाई राज्यों के नेताओं के बीच बैठक के सफल आयोजन का स्वागत करते हैं। हम इसे सियोल और प्योंगयांग द्वारा राष्ट्रीय सुलह और स्वतंत्र मूल्य के मजबूत संबंधों की स्थापना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं।" "हम अंतर-कोरियाई शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप पनमुनजोम घोषणा में निहित समझौतों पर एक सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। हम रेलवे , बिजली, गैस और अन्य उद्योगों में त्रिपक्षीय सहयोग के विकास के माध्यम से , डीपीआरके और कोरिया गणराज्य के बीच व्यावहारिक सहयोग की स्थापना को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं।" "बैठक में परमाणु मुद्दे सहित, कोरियाई प्रायद्वीप के सभी मुद्दों को हल करने के लिए राजनीतिक और राजनयिक प्रक्रिया को बनाने की दिशा में पक्षों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। इसमें सम्मिलित देशों के सहयोग के साथ , हम कोरियाई समाधान के लिए रूस-चीन रोडमैप की तर्ज पर इस ओर प्रयास करना जारी रखेंगे। हमारा मानना है कि इन कार्यों के परिणामस्वरूप , पूर्वोत्तर एशिया में शांति और सुरक्षा की प्रणाली को आकार देने के हित से बहुपक्षीय बातचीत पुनः आरम्भ होगी।"

48 "Comment by the Information and Press Department on the inter-Korean summit ", MOFA, Russian Federation, April 27, 2018, www.mid.ru/en/foreign_policy/news/-/asset_publisher/cKNonkJE02Bw/content/id/3194904

	दिमित्री पेसकोव - प्रवक्ता, क्रेमलिन 27 अप्रैल, 2018[49] “इस मामले में हम दोनों कोरिया के नेताओं के बीच बैठक और वार्ता के घोषित परिणामों को सकारात्मक दृष्टि से देखते हैं।” “आज हम देख सकते हैं कि यह सीधा संवाद हुआ है और इससे कुछ अपेक्षाएं भी हैं।” “अन्य सभी बैठकें, जो प्रायद्वीप में तनाव को कम करने में मदद कर सकती हैं और जो एक समाधान की दिशा में प्रगति कर सकती हैं, उनका भी स्वागत किया जाएगा।”
जापान	**शिंजो अबे - प्रधानमंत्री** 4 मई, 2018[50] 5 मई, 2018 को, जापान के क्योडो न्यूज़ ने सूचना दी कि जापानी प्रधान मंत्री और चीनी राष्ट्रपति ने पहली बार टेलीफोन पर बातचीत की। बताया गया कि , उन्होंने कोरियाई प्रायद्वीप के “सम्पूर्ण” विपरमाणुकरण की दिशा में हाल ही में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे इन द्वारा व्यक्त की गई प्रतिबद्धता का स्वागत किया। वे 1970 और 1980 के दशक में उत्तर कोरि या द्वारा अगवाह किए गए जापानी नागरिकों के मुद्दे के शीघ्र समाधान की दिशा में सहयोग करने पर भी सहमत हुए। यह सूचित किया गया कि उनकी बातचीत के दौरान प्रधान मंत्री अबे ने राष्ट्रपति ज़ी से कहा कि , “यह एक बड़ी बात है कि मैं इस समय , जब उत्तर कोरिया की स्थितियों में बड़ा बदलाव हो रहा है , मैं (आपके साथ) सीधे अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान कर सकता हूँ।” 29 अप्रैल, 2018[51] राष्ट्रपति मून ने अध्यक्ष किम जोंग-उन के साथ शिखर सम्मेलन के दौरान उत्तर कोरिया द्वारा जापानी लोगों के अपहरण और जापान और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों के बारे में बात की।

49 “Kremlin comments on meeting between North, South Korean leaders”, TASS, April 27, 2018, http://tass.com/politics/1002100
50 "Japan, China agree to tackle N. Korea nuclear issue", The Kyodo News, May 4, 2018, https://english.kyodonews.net/news/2018/05/3480c5f94cba-urgent-abe-xi-agree-to-cooperate-in-addressing-n-korea-nuclear-issue.html
51 "Moon offers to broker N. Korea-Japan talks", The yonhap News, April 29, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/29/0401000000AEN20180429002500315.html

	“मैं सच्चे मन से प्रयास करने के लिए राष्ट्रपति मून का धन्यवाद करता हूं।” 27 अप्रैल, 2017[52] “मैं उनका स्वागत करता हूं और सकारात्मक कदम के रूप में देखता हूं।” “मैं दक्षिण कोरियाई सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करना चाहता हूं जिसके कारण हालिया शिखर सम्मेलन संभव हुआ है।” “मैं उत्तर कोरिया पर नज़र रखूंगा।” “जापान नवीनतम घोषणा की तुलना पिछले घोषणा के साथ करेगा और विश्लेषण के अनुसार प्रतिक्रिया देगा।” “जापान अपहरण, परमाणु और मिसाइल के मुद्दों को हल करने के लिए दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ चीन और रूस के साथ एकजुट होगा।” **योशिहिडे सुगा- मुख्य मंत्रिमंडल सचिव** 27 अप्रैल, 2018[53] “मैं दक्षिण कोरियाई सरकार की उनके प्रयासों के लिए प्रशंसा करना चाहूँगा जिसके कारण आज की वार्ता संभव हुई है।” “मुझे लगता है कि शिखर बैठक में दोनों नेताओं के बीच गंभीर चर्चा होगी।”

****

** डॉ. जोजिन वी. जॉन, रिसर्च फेलो, भारतीय विश्व मामलों की परिषद, नई दिल्ली।*

अस्वीकरण: व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के होते हैं, परिषद के नहीं।

52 english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427013400315.html
53 "Japan says it expects summit to feature serious discussion of N. Korean nukes, missiles ", The Yonhap News, April 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/04/27/0401000000AEN20180427004700315.html